पेयजल लाइन से अवैध कनेक्शन कटवाना सुनिश्चित करें पी.एच.ई.डी. : कलेक्टर

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने अंतिम छोर तक निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को अवैध कनेक्शन काटने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर सहित जिलेभर में कई स्थानों पर पेयजल लाइन को तोड़कर अवैध कनेक्शन की शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस कारण से अंतिम बिन्दुओं पर पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। जलदाय विभाग जल्द से जल्द इन अवैध कनेक्शनों को कटवाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद ने सभी विभागों को राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए समय पर क्रियान्विति करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टार मार्क प्रकरणों के निस्तारण की भी समीक्षा की और इनका समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्युत कनेक्शन से वंचित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बकाया कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

बैठक में बकाया कृषि कनेक्शन, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, सीबीईओ द्वारा समस्त विद्यालयों में नियमित रूप से जांच करने सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए। इससे पूर्व जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की और 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत आवंटित किये गए वार्षिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्य में तेजी लाई जाए।

बीकानेर भगवती प्रसाद कलाल (बाएं) ने कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- सभी विभागों को 100 दिवसीय कार्ययोजना के लक्ष्यों के अनुरूप क्रियान्विति करने के निर्देश दिए
- उन्होंने स्टार मार्क प्रकरणों के निस्तारण की भी समीक्षा की

बैठक में सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

चुनाव कार्यशाला आयोजित : आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के तहत सोमवार को स्वीप कैम्पस एम्बेसडर की विधानसभा स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त किये गए कैम्पस एम्बेसडर को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के संबंध में प्रोत्साहित किया गया।

बीकानेर पूर्व के लिए आयोजित कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर वाई. बी. माथुर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए कैम्पस एम्बेसडर की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। कैम्पस एम्बेसडर अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। युवाओं को वीएचए एप सहित अन्य एप के बारे में जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया से अवगत करवाया।

मास्टर ट्रेनर एस.एल.राठी ने कहा कि कैम्पस एम्बेसडर अपने स्कूल, कॉलेज, गांव एवं परिवार के सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने अधिकाधिक मतदान के लिए कई नवाचार किए है। वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा भी दी जा रही है। स्वीप सह समन्वयक गोपाल जोशी ने 13 से 15 फरवरी तक संचालित किए जाने वाले आओ नाम देखें अभियान की जानकारी दी। डॉ. मैना निर्वाण ने निर्वाचन प्रक्रिया के विविध पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एम. एस. कॉलेज के स्वीप प्रभारी शशि वर्मा सोनी ने स्वीप की शुरूआत, इसके परिणाम एवं कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाता है। सूचना सहायक रवि वर्मा ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का स्वीप गतिविधियों में प्रयोग व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की भूमिका पर प्रकाश डाला। सुनील जोशी ने स्वीप के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियां संबंधित कार्य योजना से रूबरू कराया। उन्होंने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, कविता व अन्य नवाचारों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों को संचालित करने की बात कही।

कर्मचारी महासंघ 16 की हड़ताल में शामिल होगा

बीकानेर,(कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा बीकानेर की बैठक गांधी पार्क में जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि 16 फरवरी को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा घोषित राष्ट्रीय हड़ताल में प्रांतीय आव्हान पर महासंघ से जुड़े कर्मचारी संगठन भी जिला मुख्यालय पर आयोजित रैली व प्रदर्शन में शामिल होंगे।

लेघा ने बताया कि पीएफआरडीए कानून को रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, ठेका संविदा भर्ती बंद कर नियमित भर्ती शुरू करने, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को रद्द करने, महंगाई पर रोक लगाने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने, आठवां वेतन आयोग के गठन आदि मांगों को लेकर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने 16 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल की घोषणा की है।

बीकानेर में भी 16 फरवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जायेगा। महामंत्री देवराज जोशी ने बताया कि 16 फरवरी के प्रदर्शन में राजस्थान पटवार संघ, राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, सहायक कर्मचारी संघ, मंत्रालय कर्मचारी संघ ,वाहन चालक और तकनीकी कर्मचारी संघ, कानूनगो संघ, आयुर्वेद नर्सेज एवं परिचारक व नर्सेज संगठन आदि शामिल होंगे।

सार-समाचार

सूर्य नमस्कार कैलेंडर का अनावरण

सूर्य नमस्कार कैलेंडर का अनावरण प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट (बीच में) ने किया।

बीकानेर, (कासं)। माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को सूर्य रथ सप्तमी महोत्सव इस बार 16 फरवरी को देश भर में मनाई जा रही है। इस दिन भगवान सूर्य नारायण का आविर्भाव हुआ था। शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की ओर से अपने कुल देवता सूर्य नारायण की जयंती अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ भगवान सूर्य की रथयात्रा निकाली जायेगी। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंचेगी। इस दिन भगवान सूर्य नारायण की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष राज्य सरकार के आदेश द्वारा सभी स्कूलों पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है जो की एक रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इस क्रम में नरसिंह दास जीवनी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित सूर्य नमस्कार कैलेंडर का अनावरण सोमवार को निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान सीताराम जाट ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग, सदस्यगण शिवरतन सेवग, राजेश शर्मा, ऋतुध्वज शर्मा, विकास शर्मा, तरूण भोजक, मनीष भोजक ने निदेशक जाट का सम्मान किया। इस अवसर पर सीताराम जाट ने बताया कि पिछले एक माह से सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार की तैयारी चल रही है।

गोदारा ने समस्याएं सुनी

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने अपने निवास पर जनसुनवाई की।

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को बीकानेर मुख्यालय स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से तथा जिला मुख्यालय से बड़ी संख्या में आमजन अपनी परिवेदनाएं लेकर गोदारा से मिले। इस अवसर पर गोदारा ने कहा कि सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, पानी, बिजली जैसी बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के साथ समयबद्ध समन्वय कर ऐसे कार्यों को तुरंत प्रभाव से करने के निर्देश दिए गए हैं। गोदारा ने दूरभाष पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर कई प्रकरणों में त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिए। गोदारा ने बताया कि आमजन के साथ नियमित बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। साथ ही उनका समाधान करवाने के लिए प्रकरण को सक्षम स्तर तक पहुंचाते हुए निस्तारण करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव -गांव जाकर ग्रामीणों के साथ संवाद किया जा रहा है इससे ग्रामीण अंचल की धरातलीय समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए इसके अनुरूप रणनीति बनाकर आमजन के कार्यों को शत प्रतिशत करवाना सुनिश्चित किया जायेगा।

मौसम का बदला मिजाज, बादल छाए

बीकानेर, (कासं)। पश्चिमी विक्षोभ के चलते सोमवार को बीकानेर के मौसम का मिजाज बदला-बदला सा नजर आया। हालांकि तापमान में कमी नहीं आई है। उसके बावजूद वातावरण में ठंडक बढ़ी है। आसमां में बादल छाए रहे। पिछले दो-तीन दिनों के बाद सोमवार को बीकानेर में अचानक मौसम बदल गया। सवेरे से बीकानेर के आसमां में बादलों की आवाजाही जारी है। आसमां पूरी तरह से बादलों से आच्छादित है। सवेरे हालांकि कुछ देर के लिए सूर्यदेव के दर्शन हुए किंतु धूप कमजोर रही। उसके बाद फिर बादलों ने धूप पर पहरा लगा दिया है। बीकानेर में हल्की या मध्यम दर्जे की बरसात हो सकती है। उधर मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण पूरी तरह से शुष्क है तथा नमी 26 फीसदी है।

दलित के साथ मारपीट

बीकानेर, (कासं)। जिले के नाल पुलिस थाना क्षेत्र में एक दलित के साथ मारपीट व गाड़ी में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक दर्जन से भी अधिक आरोपियों को नामजद किया गया है। इस आशय की रिपोर्ट जयमलसर में रहने वाले चोरूराम मेघवाल ने थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक उसका नोखी उर्फ दैया रोड पर काम चल रहा था। आरोपी गाड़ियों में सवार होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने उसका काम रूकवा दिया तथा उसके साथ मारपीट करते हुए गाड़ी में तोड़फोड़ की तथा उसको जातिसूचक गालियां निकाली। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जयमलसर निवासी विक्रम सिंह, गजेन्द्र सिंह, शीशपाल, प्रताप सिंह, मदन सिंह, कुलदीप सिंह राणासर, शिव सिंह अक्कासर, सुरेन्द्र मूंड, मुनीम बजरंग, सुमेर सिंह, अजय सिंह, श्रवण सिंह अशोक व प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सभापति उपचुनाव में भाजपा की गगनदीप कौर पांडे निर्वाचित

श्रीगंगानगर,(कासं)। नगर परिषद सभापति के उपचुनाव में भाजपा की गगनदीप कौर पांडे निर्वाचित हुई। पांडे ने अपने निकटतम प्रतिदंदी भाजपा की बागी डॉ. बबीता गौड़ को 39 वोटों के भारी अंतर से हराया।

पांडे के पक्ष में 52 वोट पड़े जबकि गौड़ को महज 13 वोट ही प्राप्त हो सके। नगर परिषद सभागार में सुबह दस बजे से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। हालांकि शहर के 65 पार्षदों ने दोपहर एक बजकर 22 मिनट पर वोटिंग कर दी। लेकिन रिटर्निंग अधिकारी कैलाशचन्द्र शर्मा ने मतगणना दोपहर दो बजे शुरू कराई।

महज सोलह मिनट में यह गिनती पूरी हुई तो पांडे के समर्थकों ने जीत का जश्न शुरू कर दिया। पटाखों की गूंज दूर- दूर तक सुनाई। गुलाल बिखेर कर खुशी का इजहार किया गया।

भाजपा की इस जीत में चांडक खेमे की अहम भूमिका रही। कांग्रेसी नेता रहे अशोक चांडक, नगर परिषद की पूर्व सभापति करूणा चांडक और उनके बेटे राघव चांडक के साथ बीस पार्षद एक साथ आये और भाजपा के पक्ष में वोटिंग की। इसमें पूर्व सभापति चांडक खुद कांग्रेस पार्षद होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को वोट देने आई। वहीं बीकानेर से बाड़ेबंदी में रहे 26 पार्षद एक साथ तीन वाहनों पर पहुंचे। नगर परिषद के मुख्य गेट पर विधायक जयदीप बिहाणी ने इन पार्षदों को एक साथ वोट पोल करने के निर्देश दिए। बिहाणी और चांडक दोनों एक दूसरे के साथ शहर हित में विकास कार्य कराने के बारे में चर्चा भी की।

- पांडे ने अपने निकटतम प्रतिदंदी भाजपा की बागी डॉ. बबीता गौड़ को 39 वोटों के भारी अंतर से हराया

नगर परिषद में सभापति की कुर्सी भाजपा को मिल गई, लेकिन इस चुनाव की आड़ में विधानसभा चुनाव के धुर विरोधी रहे चांडक और बिहाणी खेमा एक दूसरे के गिले शिकवा दूर करते हुए भाजपा के रंग में रंग गए। इस चुनाव में चांडक खेमे से समर्थन का आश्वासन मिलने की आस में गौड़ भाजपा से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लगने का मानस बनाया। वहीं कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी का नामांकन वापस लेने से मुकाबला रोचक होते देख विधायक बिहाणी ने अपने रणनीतिकारों के माध्यम से चांडक खेमे से संपर्क साध लिया। चांडक ने अपने फार्म हाउस में अपने खेमे के पार्षदों को एकत्रित किया और एक साथ वोटिंग करने के लिए परिवार के संग पहुंचे।

विकास कार्यो का लोकार्पण

बीकानेर,(कासं)। पवनपुरी दक्षिण विस्तार कॉलोनी विकास समिति के संसाधनों से सामुदायिक भवन पवनपुरी दक्षिण विस्तार कॉलोनी, शिवम वाटिका सार्वजनिक पार्क, नेहरू पार्क में नवनिर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद पुनीत शर्मा, विशिष्ट अतिथि पार्षद मनोज बिश्नोई, पार्षद जामनलाल गजरा बली, केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव किशन जोशी, पूर्व अध्यक्ष वेदप्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ धर्मचन्द्र जैन, एडवोकेट सुरेश व्यास ने की।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष विनोद जोशी ने बताया कि सामुदायिक भवन पवनपुरी दक्षिण विस्तार कॉलोनी में सौन्दर्यकरण एवं सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत कमरों हाल को वातानुकूलित टायलेट में गीजर, लॉन, बड़े टीनशेड तथा दो सार्वजनिक पार्क नेहरू पार्क एवं शिवम वाटिका के निर्माण कार्य समिति की आय से कराया जायेगा।

विद्यार्थियों ने बनाई ऑटोमेटिक स्कूल बेल

बीकानेर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीएसएफ के छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कबाड़ से जुगाड़ बना दिया। विद्यार्थियों ने अपने स्तर पर नवाचार करते हुए अनुपयोगी मोबाइल, स्पीकर आदि का प्रयोग करते हुए ऑटोमेटिक स्कूल बेल सिस्टम बनाया है।

स्कूल के शिक्षक हुकमचंद चौधरी स्वयं अवार्ड प्राप्त शिक्षक हैं और समय-समय पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को समझते हुए उनसे भी आविष्कार करवा कर प्रतिभा को निखारने का प्रयास करते हैं। फिलहाल स्कूल के विद्यार्थियों ने कबाड़ से जो जुगाड़ बनाया है। वह अगर बाजार से खरीदते हैं तो उसकी कीमत 15 हजार रूपए होती है। इस ऑटोमेटिक उपकरण में अनाउंसमेंट सिस्टम से लेकर वह सभी विकल्प उपलब्ध हैं, जो महंगे से महंगे ऑटोमेटिक स्कूल बेल सिस्टम में होते हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीएसएफ के अध्यापक हुकमचंद चौधरी ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 6 के विद्यार्थी नेहा, उर्मिला, निकिता तथा विजय ने इस ऑटोमेटिक स्कूल बेल अनाउंसमेंट सिस्टम को तैयार किया है। इसकी लागत हजार रूपए से भी कम आई है। ऑटोमेटिक स्कूल बेल अनाउंसमेंट सिस्टम को तैयार करने में पुराने मोबाइल का उपयोग करते हुए सेल्फ मेड सॉफ्टवेयर भी उपयोग में लिया।

- विद्यार्थियों ने अनुपयोगी मोबाइल, स्पीकर आदि का प्रयोग कर ऑटोमेटिक स्कूल बेल सिस्टम बनाया

विष्णु रूपी दुल्हों को रमक झमक देगा पाग

बीकानेर,(कासं)। पुष्करणा सावा-2024 में पौराणिक स्वरूप विष्णु रूप में ब्याह करने वालों को रमक झमक की ओर से खिड़किया पाग निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी।

रमक झमक के अध्यक्ष प्रहलाद ओझा ने बताया कि पुष्करणा सावा की विश्वव्यापी मुख्य पहचान और प्रसिद्धि पौराणिक स्वरूप गंजी, पीताम्बर, नंगे पांव, हाथ में गेड़िया, लौकार की छांव और खिड़किया पाग है। जिसमें सबसे प्रमुख केशरिया त्रिभुजाकार पिरामिड आकृति की खिड़किया पाग है जो सावा के दुल्हा को देश भर की शादियों से भिन्न व खास पहचान करवाती है।

उन्होंने बताया कि जो दुल्हा इस पौराणिक स्वरूप में शादी करेंगे। उनको रमक झमक में अपना नाम दर्ज करवाने पर पाग निःशुल्क दी जायेगी। ओझा ने बताया कि अपना माप साइज मंच पर आकर बता कर बनवा सकेंगे। ओझा के अनुसार मंच पर नवीन बोड़ा द्वारा प्रतिदिन मांग के अनुसार खिड़किया पाग बनाई व सजाई जा रही है। रमक झमक के अविनाश आचार्य ने अधिक से अधिक विष्णु रूप में जाने की अपील की।

- पिरामिड आकृति की खिड़किया पाग जो दुल्हा को देश भर की शादियों से भिन्न व खास पहचान करवाती है

राज्यों के बॉर्डर अवरूद्ध रहेंगे

श्रीगंगानगर,(कासं)। जिला परिवहन विभाग से आमजन से अनुरोध किया है कि 13 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा, विभिन्न किसान संगठनों द्वारा दिल्ली में धरना, प्रदर्शन प्रस्तावित होने के कारण जिला श्रीगंगानगर एवं अनूपगढ़ के पंजाब व हरियाणा के बॉर्डर अवरूद्ध रहेंगे।

इसके कारण जिला श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ में सार्वजनिक परिवहन सेवा यथा रोडवेज, लोक परिवहन एवं अन्य बसों का संचालन बाधित रहेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि आवश्यक कार्य न हो तो अपनी यात्रा आगामी दिवसों हेतु टाल देवें। निजी वाहनों से भी आवश्यक कार्य होने पर ही यात्रा करें। गंगानगर एवं अनूपगढ़ से पंजाब, हरियाणा बॉर्डर की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का 13 फरवरी को संचालन न करें।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बीकानेर, (कासं)। स्टेट हाईवे पर हुए सड़क हादसे में एक जने की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा सोमवार सवेरे सुजानगढ़ स्टेट हाईवे पर हुआ। जहां बोलेरो और बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक जने की मौत और एक के गंभीर घायल होने के समाचार मिले हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेट हाईवे पर गांव रिड़ी के पास मोड़ पर श्रीडूंगरगढ़ की ओर से जा रही बाइक और रिड़ी की ओर से श्रीडूंगरगढ़ आ रही बोलेरो गाड़ी की आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार जैतासर जोगलिया निवासी राजूराम (26) पुत्र नारायणराम मेघवाल और बीदासर निवासी (24) शीशपाल पुत्र नानूराम मेघवाल को गंभीर चोटें आई। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल आवड़दान सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायलों को श्रीडूंगरगढ़ हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सकों ने राजूराम को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं शीशपाल को गंभीर चोटें आने पर बीकानेर रैफर किया गया है।

- हादसा सुजानगढ़ स्टेट हाईवे पर हुआ जहां बोलेरो और बाइक की आमने सामने टक्कर हुई

बाइक सवार की मौत : जिले में अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से जा टकराई। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह सड़क हादसा जयपुर रोड पर सोफिया स्कूल से थोड़ा पहले हुआ। मृतक अंत्योदय नगर निवासी हीरालाल (55) पुत्र मोहनलाल बताया जा रहा है। सूत्रों से मुताबिक रविवार को बाइक से वह वैष्णोधाम की तरफ जा रहा था। सोफिया स्कूल से पहले उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

ऑडियो विजुअल से नर्सिंग कार्मिकों को दिया सी.पी.आर. का प्रशिक्षण

बीकानेर,(कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में सोमवार को अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने निर्देशन एवं डॉ. गिरीश प्रभाकर की उपस्थिति में एसएसबी के समस्त नर्सिंग कार्मिकों की बेसिक लाइव सपोर्ट विषय पर क्लास ली गई।

इस दौरान डॉ. युनूस खिलजी ने सीपीआर की बारीकी ऑडियो विजुअल तकनीक के माध्यम से बताकर नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षित किया। सोमवार को ही यूनियन क्लब रा.बा.उ.मा. विद्यालय राजलदेसर की छात्राओं ने एसएसबी ब्लॉक में वोकेशनल एज्युकेशन के तहत ट्रेड हैल्थकेयर के अंतर्गत इंडस्ट्रीयल एवं शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन विद्यालय की ओर से आये मोनिका शर्मा, कपिल मीणा, रमेश कुमार तथा आगंतुक छात्राओं का स्वागत किया।

सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन के निर्देशन में डॉ. गिरीश प्रभाकर ने एसएसबी के समस्त नर्सिंग कार्मिकों को सी.पी.आर. का प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान छात्राओं को भर्ती मरीजों की पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आयुष्मान भारत चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत मरीजों को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई।

एसएसबी की ओर से डॉ. गरिमा एवं डॉ. युनूस ने छात्राओं का स्वागत किया। सोमवार को ही एसबीआई बैंक की ओर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक की छत पर नाम पट्टिका लगाई गई। सीपीआर की फुलफॉर्म कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन होती है। सीपीआर एक इमरजेंसी लाइफ सेवर प्रक्रिया है। जिसे तब किया जाता है जब दिल धड़कना बंद कर देता है।

- कार्डियक अरेस्ट के बाद तत्काल सीपीआर देने से बचने की संभावना दोगुनी या तिगुनी हो सकती है

हार्ट ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार कार्डियक अरेस्ट के बाद तत्काल सीपीआर देने से बचने की संभावना दोगुनी या तिगुनी हो सकती है।

रेलवे प्लेटफार्म का हुआ विस्तार पर सुविधाओं का अभाव !

श्रीकरणपुर,(कासं)। रेलवे स्टेशन पर मुख्य प्लेटफार्म की लम्बाई तो बढ़ा दी गई लेकिन सुविधाओं का अभाव होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्लेटफार्म शुरू होने के करीब सात माह बाद भी शैडों व विस्तारित प्लेटफार्म पर कुर्सियां नहीं होने के साथ बिजली व पानी की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है।

स्टेशन अधीक्षक सहित अन्य रेल अधिकारियों को मामले की जानकारी होने के बावजूद समस्याओं के निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। जानकारी अनुसार करीब सात माह पहले यहां के मुख्य प्लेटफार्म (प्लेटफार्म संख्या एक) की लम्बाई 405 मीटर से बढ़ाकर 576 मीटर कर दी गई। ऐसे में इस बढ़ी हुई करीब 171 मीटर लम्बाई में तीन शैड लगाने के साथ रोशनी व पानी का इंतजाम भी किया जाना था। लेकिन लम्बा अर्सा बीतने के बावजूद वहां किसी प्रकार की सुविधा बहाल नहीं की गई। आपको बता दें कि लम्बी दूरी की गाड़ियों में सामान्य डिब्बों के यात्रियों को इसी जगह पर रूकना पड़ता है लेकिन कुर्सियों का इंतजाम नहीं होने से उन्हें खड़े रहने की मजबूरी है।

वहीं पानी की व्यवस्था नहीं होने के साथ रात को रोशनी नहीं होने से भी परेशानी होती है। इसके अलावा इस एरिया में साफ-सफाई की व्यवस्था भी काफी बिगड़ी है। शैडों के भीतर कचरे के ढेर लगे हैं। वहीं प्लेटफार्म पर दर्जनभर कुत्तों ने भी डेरा डाला हुआ है।

प्लेटफार्म के एक शैड के पास करीब पांच माह से यहां पत्थर की कई कुर्सियां पड़ी हैं लेकिन आज तक इन्हें शैड के भीतर नहीं रखा गया। शैड के बाहर बेतरतीब रखी इन कुर्सियों का यात्रियों को भी फायदा नहीं मिल रहा।

रेल संघर्ष समिति संयोजक बलदेव सैन, पूर्व पार्षद रणवीर राठौड़ व रमेश कुमार आदि ने रविवार शाम स्टेशन मास्टर हरिओम यादव को भी समस्याओं से अवगत कराया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email- uit_sgnr@yahoo.com

Office Address :- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- भूवि/2023-24/940 दिनांक : 9.2.2024

सार्वजनिक सूचना

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की पत्रकार कॉलोनी सद्भावना नगर योजना में लॉटरी में आवंटित आवासीय भूखण्ड संख्या 9-बी-5 माप 25'-0'' गुणा 67'-6'' फीट डॉ. सुभाष चन्द्र गहलोत पुत्र श्री रामप्रताप गहलोत निवासी श्रीगंगानगर को आवंटित किया जाकर दिनांक 28.03.2006 को नियमानुसार पट्टा जारी किया गया। पटटाधारी डॉ. सुभाष चन्द्र गहलोत पुत्र श्री रामप्रताप गहलोत की मृत्यु दिनांक 20.11.2010 को होने के उपरान्त उनके इनके वारिसान श्रीमती विद्या देवी (पत्नी), चन्द्रकला (पुत्री), श्री दलीप सिंह (पुत्र), राधा (पुत्री) व श्री चन्द्रजीत सिंह (पुत्र) द्वारा श्रीमती राधा पुत्री स्व. डॉ. सुभाष चन्द्र निवासी 1-ए सिद्धार्थ कॉलोनी वृद्ध आश्रम रोड़ श्रीगंगानगर के पक्ष में हकत्याग किया गया है। श्रीमती राधा पुत्री स्व. डॉ सुभाष चन्द्र, पत्नी श्री कैलाश चन्द्र द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसनामा, हक त्याग पत्र व पटटे की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम नियमानुसार नामांतरण जारी किये जाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदायरी साया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के वारिसान/वसीयत के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबुत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती राधा पुत्री स्व. डॉ. सुभाष चन्द्र, पत्नी श्री कैलाश चन्द्र निवासी 1-ए सिद्धार्थ कॉलोनी वृद्ध आश्रम रोड, श्रीगंगानगर के नाम से जारी करने की कार्यवाही कर दी जायेगी। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर